# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 96 इंदौर, मंगलवार 11 मार्च 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


## गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स का प्रमाण-पत्र बार काउंसिल ऑफ गुजरात को प्रदान किया

### एक साथ 11,600 नए अधिवक्ताओं द्वारा शपथ लेने का विश्व कीर्तिमान

रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा

सलाहकार संपादक



अहमदाबाद – न्याय के प्रति समर्पण और कर्त्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ गुजरात बार काउंसिल ने 9 मार्च 2025 को एक नया इतिहास रच दिया। गांधीनगर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 11 हजार से अधिक युवा अधिवक्ताओं ने एक साथ शपथ लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने इसे गुजरात की न्याय व्यवस्था के लिए स्वर्णिम दिन बताया। भारत सरकार के गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स का प्रमाण-पत्र बार काउंसिल ऑफ गुजरात के अध्यक्ष श्री जे. जे. पटेल को प्रदान किया। यह प्रमाण-पत्र 11,600 नए अधिवक्ताओं द्वारा एक साथ शपथ लेने के विश्व कीर्तिमान के लिए दिया गया, जो भारत के न्यायिक इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

इस भव्य समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल, कानून मंत्री श्री ऋषिकेश पटेल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और सांसद श्री मनन मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अश्विन त्रिवेदी, सॉलिसिटर जनरल श्री तुषार मेहता और एडवोकेट जनरल श्री कमल त्रिवेदी सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस असाधारण उपलब्धि की सराहना की और नए वकीलों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संतोष शुक्ला ने इस उपलब्धि को भारतीय न्यायिक प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं का एक साथ शपथ लेना न केवल गुजरात बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इस ऐतिहासिक घटना ने भारत की न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ा है। यह उपलब्धि नए अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी और उन्हें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा, आज का दिन केवल गुजरात ही नहीं, बल्कि पूरे देश के न्यायिक परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक है। ये युवा अधिवक्ता लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करेंगे तथा नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की चर्चा करते हुए कहा कि ये अधिवक्ता आधुनिक न्याय व्यवस्था के प्रहरी बनेंगे।



## इंदौर में रंग पंचमी पर 19 मार्च को निकलेगी रंगारंग गेर

इंदौर के साथ मनाया जायेगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से रंगारंग गेर भी निकाली जायेगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। गेर की व्यवस्थाओं को जिला प्रशासन, पुलिस और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों से और अधिक बेहतर बनाया जायेगा। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह और कलेक्टर श्री आशीष सिंह की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में दी गई। बैठक में आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा और एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकाली जायेगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।


कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आर्थिक मदद भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि गेर के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाये। अश्लील और अभद्र गाने नहीं बजाये जाये। उन्होंने बताया गेर को यूनेस्को की धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास जारी है। भारत सरकार के संस्कृति विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिये गए है। बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड़ के एक ही तरफ लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुडदंग करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। हथियार सहित पकडें जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर डीसीपी को नोडल अधिकारी बनाया जायेगा। नागरिकों से आग्रह किया गया कि गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की गौरवशाली धरोहर है। इसे सबके सहयोग से और अधिक बेहतर बनाया जाये। वालिंटियर की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करें। महिला वालिंटियर भी तैनात करें। उन्हें पहचान पत्र भी दिये जाये। सभी गेर आयोजक आपस में समन्वय रखें।

## इंदौर के मुकेश वाघमोड़े ने डांस में किया देश-विदेश में शहर का नाम रोशन

राजेश धाकड़

### 15 साल के संघर्ष में कई फिल्मी सितारों के साथ किया काम

इंदौर। शहर के अंबिकानगर क्षेत्र में रहने वाले युवा डांसर मुकेश वाघमोड़े ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश और विदेश में इंदौर का नाम रोशन किया है। साल 2011 में अपने सपनों को साकार करने के लिए मुंबई गए मुकेश ने पहले खुद डांस की बारीकियां सीखीं और फिर धीरे-धीरे अपनी प्रतिभा के दम पर कई फिल्मी हस्तियों को भी डांस सिखाने लगे। मुकेश ने कई डांस शोज में हिस्सा लिया और अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके साथ ही, उन्होंने कई टीवी विज्ञापनों (एड्स) में भी



काम किया है। हाल ही में वे अमेरिका में भी अपने डांस का जादू बिखेरकर लौटे हैं। मुकेश न केवल एक प्रतिभाशाली डांसर हैं, बल्कि कई नामी कंपनियों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह दिखाती है कि यदि जुनून और मेहनत हो, तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

धर्म और कलम का अनूठा संगम

# एक तू ही

## जयगुरूदेव द्वारा चंदन की माला और कलम से एक तू ही अवॉर्ड से मातृ शक्तियों का सम्मान



**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

दिनांक 09 मार्च 2028 रविवार को इंदौर प्रेस क्लब कैंपस में एक तू ही गुरुद्वार द्वारा विश्व महिला दिवस पर एक तू ही जयगुरूदेव स्वामी श्री अरुणानंद महाराज साहेब द्वारा एक तू ही अवॉर्ड से सभी मातृ शक्ति का चंदन की माला एवं कलम और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । वही मैनेजिंग डायरेक्टर जिज्ञासा चौहान शिंदे एक तू ही जय गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में सभी को आशीर्वाद देकर कहा धर्म और कलम का साथ होगा तो हमारे देश को कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता हैं। मातृ शक्तियों में वो ताकत जिस के आगे सभी अपना सिर झुकाते है यदि हमारे देश की हर महिला कलम और अपने धर्म को समझ लेंगी तो हमारे देश में उन्नति और भाई चारे प्रेम में अधिक उन्नति होगी। एक तू ही गुरुद्वार के अध्यक्ष बाल योगी मौनी श्री यशवर्धन महाराज साहेब और सचिव मां साध्वी श्री अनंता देवी ने बताया की आज हमारे इस आयोजन मे मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल अयोग राष्ट्रय अध्यक्ष अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राजेश करोसिया, सर्व धर्म अध्यक्ष मंजूर बैग,भी मौजूद थे आए हुए सभी मुख्य अतिथिओ को शाल वा मला पहना कर सम्मानित भी किया साथ ही ACP रुबीना मिज़वानी, महिला बाल विकास से वंचना सिंह परिहार, सब इंस्पेक्टर दुर्गा सूर्यवंशी , प्रवेश NGO से रूपाली जैन,नीलम शर्मा खेल अधिकारी, उमा पुरोहित जेल ब्यूटी पार्लर,आशा बहन ब्रह्माकुमारी,सिस्टर सूजन, सिस्टर सरोजनी,ज्योतिष पूनम बाजपेई, सहायक अध्यापक ज्योति शिंदे, पत्रकार साधना शिखावत,सफाई मित्र इंदिरा आदिवाल,वही मीडिया रिपोर्टर खुश्बू श्रीवास्तव, विशेष संवादाता,द्वारा स्वागत और सभी मैनजमेंट किया गया

चैम्पियंस ट्रॉफी भारत vs न्यूजीलैंड फाइनल क्रिकेट मैच

# ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले 07 आरोपी

## क्राईम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार

**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

आरोपियों कब्जे से 52 मोबाईल ,09 लैपटॉप ,35 एटीएम कार्ड, 44 चैकबुक, 02 मॉडम , 04 मोबाईल चार्जर , 02 लैपटॉप चार्जर ,सट्टे के 02 रजिस्टर एवं अन्य जिसमें 20 से 25 करोड़ का हिसाब किताब किया जप्त । आरोपियों के द्वारा लसुड़िया क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 क्षेत्र के मंगलम अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में https://winjoyexch.com, https://ww.rebel247.com वेबसाइट के माध्यम से ग्राहकों की आईडी बनाकर मोबाइल के माध्यम से संचालित किया जा रहा था ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा।

आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में गैंबलिंग एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध। इंदौर शहर में ऑनलाइन जुआ, सट्टा एवं अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी अनुक्रम मे क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मंगलम अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर स्कीम न. 78 लसुडिया क्षेत्र इंदौर में क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर



क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर दबिश देते उक्त फ्लैट में 07 व्यक्ति को देखा जो मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारत vs न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच का सट्टा ऑनलाइन संचालित कर रहा थे, जिसे टीम द्वारा पकड़ा व पूछताछ पर अपना नाम

(1). सतीश सुथार उम्र 50 वर्ष निवासी राजस्थान (10वी)

(2). रवि चौधरी उम्र 25 साल नि. उज्जैन(BE इंजीनियर),

(3). निलेश पाटीदार उम्र 23 साल नि. जिला रतलाम(BA),

(4). सचिन यादव उम्र. 24 साल नि. उज्जैन(12वी),

(5). मोहित नागल उम्र 24 वर्ष नि. उज्जैन(10वी),

(6). विशाल यादव उम्र 23 वर्ष नि. रतलाम,(पॉलिटेक्निक इंजीनियर),

(7). साहिल खांन उम्र 29 साल नि. इंदौर10वी) का होना बताया।

फ्लैट में उपस्थित आरोपियों से पूछताछ करते https://winjoyexch.com, https://ww.rebel247.com. आनलाईन वेबसाइट पर रुपयों से (हार-जीत) का दाव लगाकर आनलाईन सट्टा खिलाना बताया, एवं बताया कि जिन ग्राहकों को सट्टा लगाना रहता है उनसे आरोपीगण ऑनलाइन पेमेंट अलग–अलग बैंक खातों में डलवाकर आनलाईन आईडी एवं पासवर्ड ग्राहकों को देते थे एवं उस आईडी पर जितने रुपये ग्राहक ने जमा किये हैं उसके पाईंट उनको उस आईडी पर देते है उसके बाद उक्त ग्राहक वेबसाइट में उपलब्ध (247) गेम में हार–जीत का दाव लगाकर सट्टा खिलाना कबूला । आरोपियों के कब्जे से कब्जे से 52 मोबाईल ,09 लैपटॉप ,35 एटीएम कार्ड, 44 चैकबुक, 02 मॉडम , 04 मोबाईल चार्जर , 02 लैपटॉप चार्जर ,02 सट्टे के हिसाब किताब का रजिस्टर एवं ऑनलाइन सट्टे के का 20 से 25 करोड़ रुपए का लेखा–जोखा जप्त करके, आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में गैंबलिंग एक्ट के साथ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर की जा रही है वैधानिक कार्यवाही एवं अपराध से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# भारत की तूफानी जीत पर शिवपुरी में अनोखा जश्न 2 बड़े शहरों की सड़कों पर दिखा अद्भुत नजारा

**रंजीत टाइम्स » ऋषि गोस्वामी**

भारत की शानदार जीत ने शिवपुरी में जश्न का माहौल बना दिया है। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराने के बाद और शिवपुरी मुजफ्फरपुर समेत पूरे राज्य में खुशियां मनाई जा रही हैं। रंग-बिरंगी लाइटों और पटाखों से आसमान जगमगा उठा है। भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से गलियां गूंज रही हैं। खेल प्रेमियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया दुबई में रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला गया। शिवपुरी में तिरंगे के साथ लोगों ने मनाया जश्न। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के बाद पूरे देश के साथ बिहार में भी जश्न का माहौल रहा। भारत की जीत पर लोगों में दिखी खुशी।





चौक चौराहे पर जश्न मनाते लोग। भारत की जीत पर देर रात आराम फरमाने वाले राजधानीवासी

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को जीत मिलते ही शिवपुरी का आसमान रंग-बिरंगी लाइटों और पटाखों से गूंज उठा। भारत की जीत पर गूंज गईं गलियां, झूम उठा शिवपुरी छुट्टी के दिन रविवार की दोपहर से शिवपुरी के खेल प्रेमी टीवी एवं मोबाइल पर नजरें गड़ा कर बैठ गए थे। घंटों की प्रतीक्षा का परिणाम रात 9 बजकर 49 मिनट पर जैसे ही आया, शिवपुरी में जमकर पटाखे छूटे। चैंपियंस ट्रॉफी अपने पास आने पर शांत रहने वाली गलियां तालियों से गूंज उठीं। शिवपुरी के माधव खुशी से झूम उठे। रात्रि के अंधेरे में तिरंगा चमका। जमकर की गई आतिशबाजी कभी कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर की जय-जय हुई तो कभी कुलदीप और वरुण चक्रवर्ती के लिए तालियां बजीं। जश्न मनाने को लेकर चौराहे पर उमड़ी लोगों की भीड़। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने जैसे ही एक ओवर पहले लक्ष्य हासिल किया, शहर का नजारा ही बदल गया। खेल प्रेमियों ने भारत की जीत का जश्न एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर मनाया।

जडेजा के विजयी चौका लगाते ही खुशी से झूम उठा शहर, होली के साथ मनी दीपावली जडेजा के विजयी चौका लगाते ही खुशी से झूम उठा शहर, होली के साथ मनी दीपावली वहीं, दूसरी ओर शिवपुरी में भी लोगों ने खूब जश्न मनाया। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में जैसे ही रविंद्र जडेजा ने विजयी चौका लगाया, शहर खुशी से झूम उठा। लोग घरों से निकल सड़क पर उतर आए। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल एवं आतिशबाजी के साथ लोगों ने जीत का जश्न मनाया। जीत का जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमी। माधव चौक पर देखते-देखते जीत के जश्न में शामिल होने हजारों लोग जुट गए। एक-दूसरे को अबीर लगाकर टीम इंडिया के विश्व चैंपियन बनने की बधाई दी। राज केशरी ने कहा कि मित्रों के साथ मिलकर उन्होंने सुबह में ही जीत का जश्न मनाने के लिए रंग-गुलाल के साथ पटाखे जुटा लिए थे।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, मंगलवार 11 मार्च 2025
DIGITAL EDITION


## MP के 9वें टाइगर रिजर्व में नए मेहमान का आगमन

# माधव नेशनल पार्क में सीएम यादव और सिंधिया ने पन्ना से लाई बाघिन को छोड़ा

रंजीत टाइम्स

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी का माधव नेशनल पार्क अब मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व बन गया है। सोमवार को सीएम डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इसकी शुरुआत करते हुए लोगो का अनावरण किया। इस दौरान यहां पन्ना से लाई गई बाघिन को रिलीज किया गया। टाइगर रिजर्व पहुंचे सिंधिया ने खुद सेलिंग क्लब से सात किलोमीटर दूर वॉच टॉवर तक सफारी गाड़ी ड्राइवर की, जिसमें सीएम मोहन यादव भी बैठे रहे। इसी जगह से 3 साल की बाघिन को जंगल में छोड़ा गया। इसके साथ ही 13 किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार का लोकार्पण भी किया गया। टाइगर रिजर्व शिवपुरी शहर के नजदीक है, लिहाजा ये दीवार नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच की तरह होगी। माधव नेशनल पार्क को पहले ही टाइगर रिजर्व का दर्जा मिल चुका है। यहां दो मादा और एक नर बाघ पहले से मौजूद हैं, जिनमें से एक मादा ने दो शावकों को जन्म दिया है। अब एक मादा बाघ को आज (10 मार्च) छोड़ा गया है, जबकि दूसरे नर बाघ को हफ्ते भर में छोड़े जाने के बाद यहां कुल सात बाघ हो जाएंगे। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने में आगे रहेंगे'






## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने X पर लिखा-

Amazing news for wildlife lovers!

भारत वन्यजीवों की विविधता और उनकी सुरक्षा की परंपरा से समृद्ध है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में आगे रहेंगे। 10 मार्च 2023 को छोड़े गए थे 3 टाइगर बता दें 27 साल पहले माधव नेशनल पार्क में कई टाइगर थे, लेकिन वो धीरे-धीरे विलुप्त हो गए। 10 मार्च 2023 को यहां पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन टाइगर छोड़े थे। इसके बाद पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को सिंधिया ने दो शावकों के जन्म लेने की फोटो जारी कर खुशी जाहिर की थी।

2 साल बाद मिला टाइगर रिजर्व का दर्जा

सीसीएफ उत्तम शर्मा ने बताया कि पिछले दो सालों से माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रयास किए जा रहे थे। इसके लिए शहर को सुरक्षित करने के लिए 13 किलोमीटर लंबी दीवार भी बनाई गई हैं। पहले नेशनल पार्क की कुल सीमा 375 वर्ग किमी थी, लेकिन अब ये बढ़कर 1 हजार 650 वर्ग किमी की हो गई हैं। वहीं कूनो नेशनल पार्क की सीमा का विस्तार किया गया। पहले कूनो नेशनल पार्क सीमा 1 हजार 235 वर्ग किमी की थी अब उसे बढ़ा कर 1 हजार 777 वर्ग किलोमीटर की कर दी गई हैं।

## श्योपुर से रणथंभौर तक बढ़ा विचरण क्षेत्र

सीसीएफ ने कहा कि माधव नेशनल पार्क और कूनो नेशनल पार्क का क्षेत्र जंगल के जरिए मिलता है। इस तरह टाइगर और चीतों का इलाका 3 हजार 451 किमी का होगा। इधर, श्योपुर से राजस्थान के रणथंभोर की सीमा लगी है। ऐसे में शेर, चीतों के विचरण का इलाका अब शिवपुरी, श्योपुर से राजस्थान तक बढ़ जाएगा। जिसमें जंगली जानवर आसानी से विचरण कर सकेंगे।

## 1958 में मिला था नेशनल पार्क का दर्जा

शिवपुरी शहर के पास स्थित इस टाइगर रिजर्व को 1958 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला था। यह मुगल सम्राटों और महाराजाओं का शिकारगाह था। जंगल में नीलगाय, चिंकारा, चौसिंगा और हिरण जैसे चीतल, सांभर और बार्किंग हिरण जैसे मृग रहते हैं। तेंदुए, भेड़िया, सियार, लोमड़ी, जंगली कुत्ता, जंगली सुअर, साही, अजगर जैसे जानवर भी देखे जाते हैं। ये हैं एमपी के 9 टाइगर रिजर्व कान्हा टाइगर रिजर्वः 1955 में राष्ट्रीय उद्यान और 1973 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। 80 बाघ रहते हैं। कुल क्षेत्रफल 940 वर्ग किलोमीटर है। पेंच टाइगर रिजर्वः सिवनी क्षेत्र में स्थित है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में फैला हुआ है। रिजर्व का कोर एरिया 411.33 वर्ग किलोमीटर और बफर एरिया 768.3 वर्ग किलोमीटर है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्वः रॉयल बंगाल टाइगर की संख्या

दुनिया में सबसे अधिक है। उमरिया जिले में स्थित इस पार्क को वर्ष 1968 में टाइगर रिजर्व घोषित किया था। 448 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्वः नर्मदापुरम जिले में स्थित है। 524 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल है। 1981 में टाइगर रिजर्व घोषित। बाघ, तेंदुआ, सुस्त भालू, ढोल जैसे कई वन्यजीवों का घर है।

**पन्ना टाइगर रिजर्व**

पन्ना जिले में स्थित है। 576.13 वर्ग किमी क्षेत्रफल है। 1981 में स्थापित हुआ। 1994 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। फरवरी 2009 में बाघ विहीन हो गया था।

नौरादेही टाइगर रिजर्वः सागर दमोह, नरसिंहपुर जिले में स्थित है। 23.97 वर्ग किमी कोर क्षेत्रफल है। 20 सितंबर 2023 को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया।

## संजय दुबरी टाइगर रिजर्वः सीधी जिले में स्थित है

यह रिजर्व विश्व प्रसिद्ध सफेद बाघ को 1951 में रीवा के तत्कालीन महाराजा मार्तंड सिंह ने खोजा था। 812.581 वर्ग किमी इसका क्षेत्रफल है। टाइगर रिजर्व की स्थापना 1975 में की गई।

माधव नेशनल टाइगर रिजर्वः शिवपुरी जिले में है। इस पार्क को 1958 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला था। टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफलः 1651 वर्ग किलोमीटर। कोरः 375। बफरः 1276 वर्ग किमी। 1 दिसंबर 2024 को मंजूरी मिली। यहां 3 बाघ है। एक नर और मादा बाघ को भी छोड़ा जाएगा।

रातापानी टाइगर रिजर्वः भोपाल से लगा है। सीहोर और रायसेन जिले में आता है। कोर एरिया का रकबा 763.812 वर्ग किलोमीटर, जबकि बफर एरिया का रकबा 507.653 वर्ग किलोमीटर होगा। टाइगर रिजर्व का कुल रकबा 1271.465 वर्ग किलोमीटर होगा।

# मुस्लिम समुदाय के गणमान्य जनों एवं धार्मिक स्थलों के व्यवस्थापकों की बैठक





**रंगीला प्रदेश » इंदौर**

थाना पंढरीनाथ पर श्रीमान डीसीपी ज़ोन 4 श्री ऋषिकेष मीना जी द्वारा, पंढरीनाथ एवं छत्रीपुरा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के गणमान्य जनों एवं धार्मिक स्थलों के व्यवस्थापकों की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के दिशा निर्देश दिए गए एवं परिचर्चा की गई। इस बैठक में ADCP श्री आनंद यादव, ACP श्री हेमंत चौहान, थाना प्रभारी पंढरीनाथ श्री कपिल कुमार शर्मा एवं थाना प्रभारी छत्रीपुरा श्री केपी सिंह यादव उपस्थित रहे।

## गौतम नगर में आयोजित भव्य नगर भंडारे और सुंदर कांड पाठ में हजारों लोग शामिल हुए

**उत्सव सोनी**



भोपाल। गौतम नगर, राजराजेश्वरी मंदिर समिति गौतम नगर द्वारा समाज सेवी श्री धीरज सोनी एवं डॉ मेघा सोनी की सुपुत्री खुशी का जन्मदिन नगर भंडारे और सुंदर कांड पाठ के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ राज राजेश्वरी मंदिर में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस आयोजन में गौतम नगर, नारियाल खेड़ा, टीला जमालपुरा क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं और कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सुंदर कांड पाठ के बाद आरती की गई और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री धीरज सोनी एवं डॉ मेघा सोनी ने कहा, "हमें अपनी सुपुत्री खुशी के जन्मदिन पर इस तरह के भव्य आयोजन के लिए समाज के सभी लोगों का सहयोग मिला, इसके लिए हम आभारी हैं।"



## भारत सरकार ने सेलिब्रिटी सरोगेट विज्ञापनों पर लगाई रोक

भारत सरकार ने अब आईपीएल 2025 से पहले बहुत बड़ा फैसला किया है. सरकार ने अब बीसीसीआई को आईपीएल 2025 के दौरान तंबाकू और शराब के विज्ञापन दिखाने पर रोक लगा दिया है, इस बैन के कारण बीसीसीआई को सीजन 18 में करोड़ों का नुकसान हो सकता है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल अध्यक्ष से क्रिकेट मैचों के दौरान सरोगेट विज्ञापनों की अनुमति नहीं देने को कहा है। अभी हमारे क्रिकेटर और सेलिब्रिटी सरोगेट विज्ञापनों के माध्यम से तंबाकू और शराब उत्पादों का प्रचार कर रहे हैं। सरकार का कहना है कि इसे रोकना होगा। नए सीजन का पहला मुकाबला 22 मार्च को कोलकाता नाईट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278

# राजस्व मामलों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त! 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों पर कलेक्टर की कड़ी कार्रवाई, पेनल्टी लगाकर दी सख्त चेतावनी

इंदौर। जिले में राजस्व मामलों के लंबित रहने और समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर आशीष सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 44 प्रकरणों पर प्रति प्रकरण 250 रुपये की पेनल्टी लगाई है। साथ ही, सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर सख्त नियंत्रण रखें और उनकी सतत निगरानी करें, जिससे भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। सोमवार को हुई समय सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, राजेंद्र रघुवंशी और श्रीमती निशा डामोर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाने में कोई कोताही न हो। उन्होंने दो टूक कहा कि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी झेलने पर मजबूर करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



**• लापरवाही करने वाले तहसीलदारों की सूची जारी**

कलेक्टर ने जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है, उनमें तहसीलदार कनाड़िया, खुड़ेल, बिचौली हप्सी, हातोद, अपर तहसीलदार जूनी इंदौर, नायब तहसीलदार खुड़ेल, देपालपुर, हातोद और गौतमपुरा के नाम शामिल हैं। इन अधिकारियों पर लंबित राजस्व मामलों के समय पर निपटान में विफल रहने का आरोप है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के प्रभावी और शीघ्र निपटान पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान और सीएम राइज स्कूल निर्माण पर समीक्षा इसके अलावा, बैठक में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान को और तेज किया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि शहर में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण नियंत्रण हो। साथ ही, सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण की समीक्षा भी बैठक के दौरान की गई, जहां कलेक्टर ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया और निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जाएं।

**क्यों जरूरी थी यह कार्रवाई?**

इंदौर जिले में राजस्व मामलों से जुड़े प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। आम नागरिकों को लंबी प्रक्रियाओं और अधिकारियों की सुस्ती की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा की गई यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश है कि राजस्व मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस सख्त रुख के बाद प्रशासनिक अमला कितना सक्रिय होता है और नागरिकों को न्याय व सेवाओं में कितनी पारदर्शिता देखने को मिलती है।

# निष्पादन का तीसरा चरण शुरू: 270 किलो प्रति घंटे की दर से होगा निष्पादन, सुरक्षा के इंतजाम



इंदौर धार। पीथमपुर के वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम की निगरानी में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निष्पादन का तीसरा और अंतिम ट्रायल सोमवार से शुरू हो गया है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में कचरे को 270 किलो प्रति घंटे की गति से जलाने का कार्य किया जाएगा। सुबह 7-41 बजे इंसीनरेटर को गर्म करना शुरू किया गया, और दिनभर में करीब 10 मेट्रिक टन कचरे का निष्पादन किया जाएगा। यह निष्पादन शाम को 7-41 बजे तक पूरा होगा। इस दौरान रासायनिक कचरे को विशेष इंसीनरेटर में डाला जाएगा, जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित तरीके से इन्हें नष्ट करने में सक्षम है। पिछले दो ट्रायल्स की सफलता के बाद, इस प्रक्रिया को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पहला ट्रायल 27 फरवरी से शुरू हुआ था, जिसमें 135 किलो प्रति घंटे की दर से कचरे का निष्पादन किया गया था, और कुल 75 घंटे में यह प्रक्रिया पूरी की गई थी। दूसरा ट्रायल 6 मार्च से शुरू हुआ था, जिसमें 55 घंटे के अंदर कचरे को जलाया गया। दोनों ट्रायल्स की रिपोर्ट सामान्य आई थी, और अब तीसरे चरण की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से, पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूरा किया है। इस प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की निगरानी बेहद सख्ती से की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। यह कदम न केवल पीथमपुर बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने का प्रयास जारी था।

# इंदौर बनेगा भिक्षावृत्ति मुक्त शहर! कलेक्टर ने जारी किए सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश, भिक्षा देने या लेने पर होगी कानूनी कार्रवाई

इंदौर। जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत भिक्षावृत्ति करना, भिक्षा देना और भिक्षुओं से कोई भी सामान खरीदना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह रोक, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई**

कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। भिक्षुओं को भोजन, वस्त्र, पैसे या अन्य कोई सामान देना दंडनीय अपराध होगा। कोई भी व्यक्ति भिक्षावृत्ति में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। अगर कोई व्यक्ति भिक्षुओं से कोई भी सामान खरीदता है, तो उसे भी अपराधी माना जाएगा। यह प्रतिबंध 10 मार्च से लागू होकर 8 मई तक प्रभावशील रहेगा। इससे पहले जनवरी 2025 में भी ऐसा आदेश जारी किया गया था, जो फरवरी तक लागू था। प्रभावी परिणामों को देखते हुए इस आदेश की अवधि को दो महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। अगर कोई व्यक्ति भिक्षावृत्ति करता हुआ दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा (मोबाइल नंबर - 9691494951) को दी जा सकती है। सूचना सही पाए जाने पर सूचनाकर्ता को 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। भिक्षावृत्ति रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार अभियान चला रही हैं।

अब तक 354 भिक्षुकों का रेस्क्यू, 45 बच्चों को देखरेख संस्थान भेजा गया

इंदौर प्रशासन के इस अभियान के तहत 354 वयस्क भिक्षुकों को सेवाधाम आश्रम भेजा जा चुका है, जबकि 45 बच्चों को बाल देखरेख संस्थानों में भर्ती कराया गया है। इस अभियान को सोशल मीडिया, डिजिटल और प्रिंट मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जा रहा है।

**इंदौर क्यों बना रहा है भिक्षावृत्ति मुक्त शहर?**

सड़क किनारे, मंदिरों, ट्रैफिक सिग्नल और सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ती भिक्षावृत्ति शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रही थी। भिक्षावृत्ति के नाम पर संगठित गिरोह सक्रिय हो रहे थे, जो अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए। बाल भिक्षावृत्ति और मानव तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं पर रोक लगाने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है।

**इंदौर की जनता से अपील - भिक्षा न दें, सहयोग करें!**

कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर वासियों से इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। अगर हम भिक्षा देना बंद कर देंगे, तो भिक्षावृत्ति भी खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगी।

# इंदौर: प्रधानमंत्री आवास योजना का बड़ा कदम! 25,000 से अधिक आवासहीन परिवारों को मिली घर की सौगात

इंदौर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इंदौर जिले में 25,000 से अधिक आवासहीन परिवारों को आवास सुविधा प्रदान की गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जिससे हजारों परिवारों को अपना घर मिला है। आवासीय लाभार्थियों का आंकड़ा बढ़ा - शहरी क्षेत्र में 13,000 और ग्रामीण क्षेत्र में 12,188 परिवारों को मिली आवास सुविधा इंदौर शहरी क्षेत्र में लगभग 13,000 परिवारों को आवास सुविधा प्रदान की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 12,188 परिवारों को लाभ हुआ है। यह योजना आवासहीन और जरूरतमंद परिवारों को खुद का घर देने के उद्देश्य से लागू की गई है, जिससे जिले में राहत मिली है। जिले में योजना का निरंतर क्रियान्वयन जारी,आवास निर्माण कार्य में तेजी आवास निर्माण कार्य निरंतर जारी है, इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है।


सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद कविता पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, कलेक्टर आशीष सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अधिक से अधिक जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे आवासहीन सर्वेक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि वे पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने आगे कहा, ÷आवासीय संकुलों तक लोक परिवहन के साधन मुहैया कराने के भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि लोग आसानी से अपने घरों तक पहुंच सकें।÷ नेहरू स्टेडियम के प्रस्तावित प्लान पर भी चर्चा हुई प्रस्तावित प्लान पर भी चर्चा की गई। इसे खेल संगठनों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर अंतिम रूप देने की योजना बनाई गई है। यह योजना इंदौर जिले के विकास में नया आयाम जोड़ने का काम कर रही है। जहां हजारों परिवारों को आवास सुविधा मिल रही है, वहीं ये योजनाएं सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही हैं।

# 12 टन नशीला पदार्थ नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू, 140 प्रकरणों में जब्त किया गया मादक पदार्थ

इंदौर। शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसते हुए 12 टन से अधिक नशीला पदार्थ आज नष्ट करने की कार्रवाई शुरू की गई। यह कार्रवाई आज सुबह से शुरू होकर रात तक जारी रहेगी। करीब 140 प्रकरणों में जब्त किए गए मादक पदार्थ को नीमच स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के परिसर में एकत्रित कर नष्ट किया जा रहा है। जिन पदार्थों को आज नष्ट किया जा रहा है, उनमें डोडाचूरा, गाजा, चरस, गांजे के पौधे, और ब्राउन शुगर जैसी खतरनाक नशे की सामग्री शामिल हैं। ये पदार्थ 10 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत के हैं और पिछले कई वर्षों से इंदौर, मंदसौर और नीमच की नारकोटिक्स इकाइयों के गोदामों में जमा थे। यह नष्ट करने की प्रक्रिया इंदौर नारकोटिक्स डीआईजी महेशचंद्र जैन की अगुआई में शुरू हुई। इस दौरान डीआईजी जैन, 15वीं बटालियन की कमांडेंट यागचिग भूटिया, नारकोटिक्स विंग इंदौर की एएसपी हेमलता अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह कार्रवाई इंदौर, मंदसौर और नीमच इकाइयों के अधिकारियों की निगरानी में की जा रही है।

मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कदम

केंद्रीय और राज्य स्तर पर मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि नशे के इस व्यापार पर सख्त नियंत्रण पाया जा सके। इंदौर इकाई ने इस वर्ष रिकॉर्ड मादक पदार्थों की जब्ती की है, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीआईजी महेशचंद्र जैन ने कहा, ÷हमारी टीम द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थों की इस कार्रवाई से यह संदेश जाता है कि नशे के खिलाफ हमारी कार्रवाई हर स्तर पर जारी रहेगी।÷ इंदौर शहर और आसपास के जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और स्थानीय समुदाय में नशे के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मादक पदार्थों का व्यापार रोकने के लिए ये कदम महत्वपूर्ण हैं, ताकि युवा पीढ़ी को इस जाल में फंसने से बचाया जा सके।



# गर्मी में रखना है सब्जी के पौधों को हरा भरा तो आजमाएं बेकिंग सोडा के हैक्स

**गर्मी के मौसम में पौधों को खास देखभाल करने की जरूर होती हैं। ऐसे में आप हम बताएंगे कि कैसे आप सब्जी के पौधों को फिर से हरा- भरा कर सकती हैं।**

गर्मी में लगे सब्जी के पौधों धूप के कारण सूखने लगे हैं तो इसे फिर से हरा- भरा करना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे बेकिंग सोडा की मदद से अपने घर के सब्जी के पौधों को फिर से ठीक कर सकती हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ आसान हैक्स बताने वाले हैं।

### बेकिंग सोडा स्प्रे

सब्जी के पौधों की ग्रोथ को अगर आप बढ़ाना चाहती हैं तो आपको सब्जी के पौधों में बेकिंग सोडा से बना स्प्रे को आप डाल सकती हैं। ऐसे में आपके पौधों की ग्रोथ जो धूप के कारण रुप गई हैं वह फिर से बढ़ जाएगी।

### बेकिंग सोडा और चीनी

पौधों से कीड़े निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा और चीनी की मदद ले सकती हैं। इससे ग्रे कलर के कीड़े जो गर्मी के दिनों में सब्जी में लग जाते हैं वह निकल जाएंगे। ऐसे में सब्जी के पौधों का ग्रोथ निकल जाता है।

### फंगस खत्म कैसे करें

पौधों से फंगस निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। फंगस हमारे पौधे के ग्रोथ को रोक देते हैं। खासकर गर्मी के दिनों में सब्जी के पौधों में फंगस लग जाती हैं।

### पैच टेस्ट जरूर करें

बेकिंग सोडा कई पौधे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए सब्जी के पौधों में डालने से पहले आपको पैच टेस्ट करना होगा। इसके लिए पहले थोड़े से पौधे में बेकिंग सोडा को डालकर देखें अगर पौधे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता है तो आप इसे पूरे पौधे में डाल सकती हैं।



# बेकिंग सोडा से चुटकियों में निपटाएं किचन से जुड़े ये काम

**आजकल खाने में मीठा सोडा या फिर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना काफी नॉर्मल है। क्योंकि केक बनाने के लिए अनिवार्य तौर पर बेकिंग सोडा, मीठा सोडा या फिर बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल किया ही जाता है। हालांकि, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा दोनों ही चीजें खाने को फुलाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।**

जब इन्हें आटे या मैदा में मिलाया जाता है, तो ये चीजों के साथ रिएक्ट कर उन्हें फुलाने का काम करते हैं। लेकिन कभी आपने सोचा है कि आपके किचन में रखा बेकिंग सोडा कई कामों को आसान कर सकता है। जी हां, आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल सिर्फ खाना बनाने के लिए नहीं बल्कि किचन की सफाई या फिर काम को जल्दी से निपटाने के लिए कर सकती हैं, कैसे आइए जानते हैं।

### चीजों को जल्दी उबालने का करेगा काम

मीट, चिकन, दालें और कुछ सब्जियों को उबालने में कई बार देर लग जाती है और गैस की ज्यादा खपत भी होती है। इसलिए सब्जियों या फिर मीट को कुक करने के लिए आप इसमें थोड़ा-सा बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। बता दें कि बेकिंग सोडा डालने से न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी उबलेगी बल्कि आपका समय भी बचेगा।




### मीट को नरम करने के लिए करें इस्तेमाल

कई बार महिलाएं अपनी फ्रिज में अधिक मात्रा में मीट लाकर रख देती हैं, लेकिन फ्रिज में रखने से मीट सख्त हो जाता है। सख्त होने के कारण मीट देर से बनता है या फिर काफी समय तक नरम होने के लिए बाहर रखना पड़ता है। लेकिन अब आपको ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि आप मीट को नरम करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपका मीट बहुत जल्दी में नरम हो जाएगा।

### गैस स्टोव को करें क्लीन

बेकिंग सोडा घर की साफ-सफाई में बहुत काम आता है। इसके अंदर एक्सफोलिएटिंग गुण पाए जाते हैं, जो चीजों को साफ रखने का काम करते हैं। अगर आपकी गैस स्टोव गंदी हो गई है, तो आप बेकिंग सोडा इस्तेमाल कर चुटकियों में साफ कर सकती हैं।

### बेकिंग करने में आएगा काम

अगर आप ओवन में कुछ भी बना रही हैं, तो आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। क्योंकि अक्सर महिलाओं को यह शिकायत रहती है कि ओवन में वह कुछ भी बनाती हैं, लेकिन यह फूलता नहीं हैं। तो आप इस समस्या से बचने के लिए बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। इससे न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी बेक होगी बल्कि स्वादिष्ट भी बनेगी।

### अंडा बनेगा एकदम परफेक्ट

आप अंडे को सॉफ्ट और स्पंजी बनाने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप तीन अंडे में 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा मिला सकती हैं। हालांकि, आप अंडा जैसे बनाती हैं वैसे ही बनाएं, लेकिन बेकिंग सोडा के साथ कम मात्रा नमक इस्तेमाल करें।

### सब्जियों के कीड़े करें साफ

बरसात में अगर आप हरी सब्जी ज्यादा खाती हैं, तो आप इसमें से कीड़े बेकिंग सोडा की सहायता से निकाल सकती हैं। इसलिए आप 10 से 15 मिनट के लिए सब्जी को बेकिंग सोडा वाले पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। ऐसा करने से हरा धनिया पर लगे तमाम बैक्टीरिया साफ हो जाएंगे।

### सिंक को अंदर से करें साफ

आप सिंक ब्लॉकेज की समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं, तो आप नाली को बेकिंग सोडा से फ्लश करें। इसके लिए आपको बेकिंग सोडा की जरूरत पड़ेगी। नाली में 2-4 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा छिड़क दें। इसके बाद 2-3 मिनट तक गर्म पानी डालते रहें। बस आपका सिंक पूरा साफ हो जाएगा।

### किचन में नहीं आएगी बदबू

कई बार किचन में रखा सामान खराब हो जाता है या फिर मीट की बदबू आने लग जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप इस समस्या से बेकिंग सोडा की मदद से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए बस आपको किचन की सफाई के दौरान बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना है या फिर हर्बल पाउच के साथ स्टोर करना है।



रणजीत टाइम्स
इंदौर, मंगलवार 11 मार्च 2025

# बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम के अजेय प्रदर्शन की सराहना

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत दर्ज करने पर सोमवार को भारतीय टीम को बधाई दी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी कर्मियों और चयन समिति को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, 'पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस



ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं।

रोहत की टी-20 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दोनों खिताब जीतने से उन्हें भारत के सबसे बेहतरीन और सबसे सफल कप्तानों में से एक के शुमार किया है और उनके नेतृत्व में टीम को मजबूती मिली है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'आईसीसी खिताब जीतना हमेशा एक विशेष उपलब्धि होती है और इस टीम ने इसे प्रभावशाली अंदाज में हासिल किया है।

अनुभव और युवा ऊर्जा का सहज मिश्रण उल्लेखनीय रहा है और यह जीत भारतीय क्रिकेट की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी।

## अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: हार्दिक पांड्या

**दुबई, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो।



अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है। पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं.

### वसीम अकरम ने उठाया गंभीर सवाल

# भारत के चैंपियन बनने के बाद पाकिस्तान में बवाल!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का होस्ट पाकिस्तान था. लेकिन भारत के चैंपियन बनने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कोई भी अधिकारी दुबई में दिखाई नहीं दिया. टीम इंडिया ने फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड को हरा दिया. भारत की जीत के बाद पाकिस्तान के कई खिलाड़ी पीसीबी की आलोचना कर चुके हैं. इस मसले पर पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस मसले को लेकर एक गंभीर सवाल उठाया है. पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक भी मैच नहीं जीत सका. यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से हुआ है. इस वजह से एक सेमीफाइनल पाकिस्तान में खेला गया. जबकि भारत का सेमीफाइनल दुबई में आयोजित हुआ. भारत ने फाइनल भी दुबई में खेला. टीम इंडिया की जीत के बाद अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित हुई. इस दौरान पीसीबी का कोई भी अधिकारी स्टेज पर नहीं दिखा. पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने इस पर सवाल उठाया था. अब अकरम ने भी प्रतिक्रिया दी है.



**चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद अकरम ने क्या कहा -**

अकरम ने पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी का भी जिक्र किया. बीबीसी की एक खबर के मुताबिक अकरम ने कहा, चेयरमैन साहब की तबीयत ठीक नहीं थी. लेकिन पीसीबी की तरफ से स्टेज पर कोई नहीं था. वहां से सुमैर अहमद और उस्मान आए थे. लेकिन वे दोनों नहीं दिखे. हम चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान थे. इसलिए जो भी चेयरमैन साहब का प्रतिनिधित्व कर रहा था, उन्हें वहां होना चाहिए था. क्या उन्हें स्टेज पर नहीं बुलाया गया?

**अख्तर ने पीसीबी को लेकर उठाया ये सवाल -**

शोएब अख्तर ने भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद सवाल उठाया था. उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है. अख्तर ने कहा, हिन्दुस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है. लेकिन मैंने एक अजीब चीज देखी. पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी होस्ट कर रहा था. लेकिन उसका कोई भी नुमाइंदा वहां नहीं दिखा. वर्ल्ड स्टेज है. आपको यहां होना चाहिए था.

# भूपेश बघेल के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद! ED ने मंगाई नोट गिनने की मशीन



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) की छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया जा रहा है. कैश गिनने के लिए ED ने दो मशीनें मंगवाई हैं.

ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े परिसरों से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और दस्तावेज भी जब्त किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, चैतन्य बघेल को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है. यह छापेमारी छत्तीसगढ़ के 2100 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़ी है. ED ने राज्य में 14 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया है. बघेल समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया, जिससे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## जावेद अख्तर ने की थी आमिर खान के सुपरस्टार बनने की भविष्यवाणी



# किसानों को 20 लाख सोलर पंप देंगे : राज्यपाल

- काले नकाब पहनकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक
- गंगाजल लेकर आए बीजेपी एमएलए

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से हुई। राज्यपाल ने कहा, अगले 3 साल में किसानों को 20 लाख सोलर पंप बांटे जाएंगे। 5 रुपए में सिंचाई के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। नर्मदा घाटी विकास योजना और जल संसाधन विभाग की मदद से प्रदेश की सिंचाई क्षमता 50 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अगले 3 साल में 100 लाख हेक्टेयर तक हो जाएगी। नदी जोड़ो परियोजना मध्यप्रदेश की तस्वीर बदलेगी।



21 मिनट तक चले अभिभाषण में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान यानी गरीब, युवा, किसान और महिला वर्ग के विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का जिक्र किया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**बजट सत्र के पहले दिन की खास बातें-** राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा- युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण मिशन बनाया गया है। किसानों के भविष्य में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए किसान कल्याण मिशन बनाया गया है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 11 लाख 89 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य है। योजना में मध्यप्रदेश देशभर में पहले स्थान पर है।

## भोपाल में विधानसभा का घेराव प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूटा

- प्रदेश उपाध्यक्ष समेत 10 से ज्यादा घायल

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में किसान कांग्रेस विधानसभा का घेराव करने इकठ्ठा हुई। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूट गया। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान समेत 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं। कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रवक्ता रोशनी यादव सिद्धांता अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। पूर्व विधायक रवि जोशी और शैलेंद्र पटेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में हैं।

घटना की थोड़ी देर बाद ही किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता आगे बढ़े। पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को रोक लिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है।



## बिहार तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश

### 2 बदमाशों को गोली मारकर कुछ ज्वेलरी बरामद की; 4 आरोपी माल लेकर भागे



**आरा (भोजपुर) (एजेंसी)।** बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम में सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से कुछ ज्वेलरी बरामद की।

4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं।

**3 बाइक से आए थे 6 बदमाश-** सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से आए 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की।

# काशी में मसाने की होली खेली

- जलती चिताओं की राख, नरमुंड की माला
- दांतों तले जिंदा सांप और हड्डियां, एक चुटकी भस्म के लिए घंटों इंतजार

**काशी (एजेंसी)।** काशी में आज मसाने की होली खेली जा रही है। इस दिन सड़कें श्मशान की राख से पटी रहती हैं। कोई चेहरे पर क्रीम-पाउडर की तरह राख थोपा रहता है, तो कोई चिता भस्म में खुद को डुबो लेता है। किसी गले में नर कंकाल, रुद्राक्ष की मानिंद हिलोरें लेती हैं। कोई जिंदा सांप मुंह में रस्सी की तरह दबाकर नृत्य का हुनर दिखाता है।



अघोरियों के शरीर पर जानवरों की खाल खद्दर की तरह लिपटी है और वो रमता जोगी की तरह डमरू की ताल पर थिरक रहे हैं। एक तरफ चिताओं से उठता धुआं है, दूसरी तरफ राख की होली...यहां रंज-ओ गम और जश्न का गुलाल है। यानी खुशी और गम साथ-साथ। आम इंसान जो चिता की राख से दूर भागता है, वो भी इस दिन इसे प्रसाद मानकर एक चुटकी राख के लिए घंटों इंतजार कर रहा है। भीड़ इतनी कि पैर रखने तक की भी जगह नहीं है।

काशी में होली से 4-5 दिन पहले ही मसाने की होली की शुरुआत हो जाती है। इसके लिए न सिर्फ देशभर से बल्कि बड़ी संख्या में विदेशी भी यहां मसाने की होली खेलने आते हैं। यही वजह है काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास एक भी होटल या गेस्ट हाउस खाली नहीं मिलते।

रास्ते में जगह-जगह अघोरी बाबा करतब दिखा रहे हैं। कोई हाथ में नाग लेकर घूम रहा है, तो कोई आग से खेल रहा। चिता की भस्म हवा में इस तरह घुली है कि दूर-दूर तक मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा।

**यूपी में बड़ा हादसा**

## करंट की चपेट में आने से मां समेत दो बेटों की मौत

- तीनों खेत में लगा रहे थे पानी

**झांसी (एजेंसी)।** पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर करीब 3 बजे हुई है। हर कंवर पत्नी स्व. धर्म दास कुशवाहा निवासी ग्राम बंगरा उम्र करीब 65 वर्ष अपने पुत्र काशीराम कुशवाहा उम्र 45 वर्ष और नरेंद्र कुशवाहा उम्र 32 वर्ष के साथ बंगरा स्थित अपने खेत में गेहूं की फसल में पानी लगा रही थीं कि तभी अचानक बिजली का करंट लगने से तीनों लोगों की मृत्यु हो गई।

**महू में चैंपियंस ट्रॉफी जीत के जश्न में बवाल**

# देर रात पथराव और आगजनी की घटना

- आज बाजार बंद, शहर में 300 पुलिसकर्मी तैनात
- मस्जिद पर सुतली बम फेंकने से पैनिक फैला : इमाम

**भोपाल/महू (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के महू में हुए विवाद और पथराव के मामले में सोमवार को जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद जाबिर का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, तरावीह की नमाज चल रही थी, उसी समय जुलूस यहां से शोर शराबा करते हुए निकल रहा था। नमाज पूरी होकर सब लोग बाहर निकल रहे थे, तभी किसी ने मस्जिद के अंदर सुतली बम फेंका। इससे लोग पैनिक हुए और ये सिचुएशन क्रिएट हुई।

बता दें, चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत के बाद रविवार रात निकल रहे जुलूस के दौरान विवाद हो गया था। हालांकि आज सुबह से स्थिति नियंत्रण में है। शहर में 300 पुलिसकर्मी तैनात हैं। सर्व हिंदू समाज के लोगों ने बाजार बंद करने की अपील की है। जो दुकानें खुली हैं, हिंदू संगठन के लोग उन्हें बंद करवा रहे हैं।

एसडीएम राकेश परमार का कहना है कि स्थिति अभी पूरी तरह से सामान्य है। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रख रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। ग्रामीण



एसपी हितिका वासल ने बताया 17 लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है, इनमें से 12 लोगों को गिरफ्तारी कर लिया है।

**जुलूस को रोका और मारपीट शुरू कर दी-** रविवार रात करीब 10 बजे भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के बाद शहर में जुलूस निकाला जा रहा था। 40 बाइक पर 100 से ज्यादा लोग जश्न मनाते हुए जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इसी दौरान जामा मस्जिद के पास आतिशबाजी को लेकर कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। पीछे चल रहे पांच-छह लोगों को दूसरे पक्ष के लोगों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

लोगों ने दुकानों और वाहनों को आग लगा दी। पेट्रोल बम भी फेंके गए। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। करीब ढाई घंटे बाद हालात काबू में आ सके।

**20 बाइक, दो कार और एक ऑटो में आग लगाई-** उपद्रवियों ने दो ऑटो, एक कार और 10 बाइक में आग लगाई है। इनमें एक पुलिसकर्मी की बाइक भी शामिल है। इसके अलावा, 5 कार, 10 बाइक में भी तोड़फोड़ की गई है। चार दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई है। इनमें चूड़ी, पापड़, मेडिकल और कॉस्मेटिक्स की दुकान शामिल हैं।

**दुकानदार बोले- आगजनी-पथराव में नुकसान हुआ-** दुकानदार जितेंद्र बत्रा ने बताया, 15 दिन पहले दुकान में रमजान का 5 लाख रुपए का माल भरा था। रात में सब जलकर खाक हो गया है। जो बचा था, उपद्रवी लूट कर ले गए। दुकानदार अज्जू ने बताया, रात करीब 11 बजे हम नमाज पढ़कर बैठे ही थे कि पथराव हो गया। एक समूह आया और हमारे घर को टारगेट बनाकर आगजनी की। शोरूम में काफी नुकसान हुआ है।

### अब शांति है, लेकिन हालात तनावपूर्ण: कलेक्टर

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि घटना की शुरुआत मस्जिद के पास से हुई। जुलूस के एक टुकड़े के साथ वारदात हुई है। घटना की शुरुआत पटाखे फोड़ने से हुई या अन्य कारण से इसकी जांच की जाएगी, लेकिन पहले वाद-विवाद हुआ है फिर मारपीट भी हुई। किन परिस्थितियों में हुई, कौन-कौन जिम्मेदार हैं, ये जांच के बाद सामने आएगा।

**शहर में लगातार पेट्रोलिंग कर रही पुलिस-** इंदौर ग्रामीण क्षेत्र के महू, मानपुर, किशनगंज, बेटमा, सिमरोल, बड़गोंदा, क्षिप्रा, खुड़ैल समेत करीब 10 थाने और एसएएफ की एक बटालियन समेत कुल 300 पुलिसकर्मी तैनात हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र जामा मस्जिद, पत्ती बाजार क्षेत्र और बतख मोहल्ले हैं।